

अगस्त–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश


पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध


### 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिताएँ : जुलाई 16-20, 2019

- दिनांक 20.07.2019 : मुख्य अतिथि, मा. योगी आदित्यनाथ, मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. द्वारा 35वीं वाहिनी, पीएसी में 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट–2018 के समापन अवसर पर उ.प्र. पुलिस, सी.आर.पी.एफ., आई.टी.बी.पी. व एस.एस.बी. के ब्रास बैण्ड्स ने सुमधुर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने 29 दलों के मार्च पास्ट का मान–प्रणाम ग्रहण किया व विभिन्न प्रदेशों के 5 पुलिस कर्मियों को मा. प्रधान मंत्री, भारत का पुलिस पदक तथा प्रतियोगिता के विजयी दलों को शील्ड व प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किये। मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रदेशों के प्रतिभागियों को व अखिल भारतीय पुलिस मीट के सफल आयोजन पर उ.प्र. पुलिस को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने अखिल भारतीय पुलिस ध्वज को अगले वर्ष तक सुरक्षित रखने हेतु श्री राम कुमार, आयोजन सचिव एवं आईजी, पीएसी, मध्य ज़ोन को प्रदान कर 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट–2018 का समापन घोषित किया। ड्यूटी मीट में देश के केन्द्रीय पुलिस संगठनों, राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के पुलिस बल के 29 दलों के 1250 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। 6 वर्गों (वैज्ञानिक अनुसंधान, एण्टी सेबोटाज चेक, कम्प्यूटर अवेयरनेस, वीडियोग्राफी अवेयरनेस, फोटोग्राफी एवं डॉग स्क्वॉड) की 21 स्पर्धाओं में 63 पदकों का वितरण हुआ। इस अवसर पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., श्री अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव, गृह, उ.प्र. शासन, श्री एस.एन. सिंह, अपर निदेशक, आसूचना ब्यूरो, नई दिल्ली, सेवारत तथा सेवनिवृत्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।








- दिनांक 16.07.2019 : 35वीं वाहिनी, पीएसी में 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट–2018 का शुभारम्भ मा. डॉ. दिनेश शर्मा, मा. उप मुख्य मंत्री, उ.प्र. ने किया। केन्द्रीय पुलिस बलों के 7 व राज्यों के 22 दलों ने मा. मुख्य अतिथि के सम्मान में मार्च पास्ट कर सलामी दी। प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ की घोषणा के उपरान्त प्रतिभागियों ने शपथ ली। ब्रास बैण्ड व मलखम्भ टीम का कला/कौशल प्रदर्शन तथा राष्ट्रीय कथक संस्थान, लखनऊ के कलाकारों ने मनोहारी कथक नृत्य प्रस्तुत किया। मा. मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों हेतु प्रेरणादायक सम्बोधन किया एवं शुभकामनाएँ दीं।






- दिनांक 05.07.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण तथा वेबसाइट का शुभारम्भ किया। अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड, नई दिल्ली ने उ.प्र. पुलिस को 20 वर्षो बाद चौथी बार पुनः यह दायित्व सौंपा था।



#### 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2018 के परिणाम

| प्रतियोगिता | विजेता | उप–विजेता |
|---|---|---|
| वैज्ञानिक अनुसंधान | तमिलनाडु | तमिलनाडु, महाराष्ट्र |
| एण्टी सेबोटाज चेक | आई.टी.बी.पी. | बी.एस.एफ. |
| कम्प्यूटर अवेयरनेस | केरल | उत्तर प्रदेश |
| वीडियोग्राफी अवेयरनेस | आन्ध्र प्रदेश | महाराष्ट्र |
| फोटोग्राफी | आन्ध्र प्रदेश | आई.टी.बी.पी. |
| डॉग स्क्वॉड | तमिलनाडु | एस.एस.बी. |
| ओवरऑल बेस्ट टीम | | महाराष्ट्र |
| डीजी एन.सी.आर.बी. ट्रॉफी (सी.पी.ओज़ ग्रुप) | | सी.आई.एस.एफ. |
| डीजी एन.सी.आर.बी. ट्रॉफी (स्टेट/यूटी ग्रुप) | | उत्तर प्रदेश/ओडिसा |

## जन कल्याण सेवाएँ

### बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान : जुलाई 2019

● दिनांक 02.07.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने नेशनल पी.जी. कॉलेज, लखनऊ में छात्र/छात्राओं/अभिभावकों/शिक्षकों को, महिलाओं व बच्चों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से, ''बालिका सुरक्षा जागरुकता अभियान जुलाई–माह'' पर सम्बोधित करते हुए जन सुरक्षा हेतु उ.प्र. पुलिस द्वारा नवीनतम तकनीक का प्रयोग, 1090 वूमेन पावर लाइन, यूपी 100, यूपी कॉप एप व सोशल मीडिया जैसी योजनायें संचालित किये जाने व महिलाओं व बच्चियों द्वारा आसानी से शिकायत दर्ज करा सकने से अवगत कराया। पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं से जुड़कर पुलिस समर कैम्प व बच्चों को थाना प्रभारी बनाकर पुलिस की कार्यप्रणाली से जागरुक करने सम्बन्धी प्रयासों की जानकारी दी। अभिभावकों को बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने व बालकों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरुक करने हेतु प्रेरित किया ताकि उनमें महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो तथा बच्चियाँ सुरक्षित परिवेश में आगे बढ़ सकें।

लखनऊ के थाने, यूपी 100 तथा जीआरपी के लिंक होने, यूपी–100 को एम्बुलेन्स, फायर सर्विस, वूमेन पावर लाइन 1090 एवं जीआरपी के साथ जोड़ने ताकि एक ही नम्बर डायल करने पर सभी आपातकालीन सेवायें प्राप्त हो जायें, UP COP Mobile App. पर 27 अन्य सेवाओं की उपलब्धता व सोशल मीडिया सेल द्वारा शिकायतों का निस्तारण करने से भी अवगत कराया व सभी की जिज्ञासाओं का समाधान कर संतुष्ट किया।




## तकनीकी उन्नयन हेतु अनुबन्ध

● दिनांक 10.7.2019 : पुलिस मुख्यालय, उ.प्र. में IIT, कानपुर व उ.प्र. पुलिस के मध्य अनुबन्ध हुआ जिसके अनुसार IIT, कानपुर के शोधार्थी उ.प्र. पुलिस की आधुनिक आवश्यकताओं और चुनौतियों के दृष्टिगत उ.प्र. पुलिस को तकनीकी रुप से दक्ष करने में सहायता करेंगे। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं IIT, कानपुर के प्रो. अभय करंदीकर ने अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये। डॉ. अरविन्द वर्मा, IIT, कानपुर, डीन (रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट) भी उपस्थिति रहे। IIT, कानपुर उ.प्र. पुलिस को UP 100, CCTNS, 1090, Social Media, Trinetra App. द्वारा प्राप्त डेटा का Predictive Policing हेतु विश्लेषण, ड्रोन संचालन में तकनीक का प्रयोग एवं सावधानियाँ, DNA Forensics व अन्य प्रासंगिक विषयों पर विशेषज्ञता उपलब्ध करायेगा।




## प्रशस्ति-पत्र/प्रशंसा चिन्ह

● दिनांक 28.06.2019 को गोरखपुर से गुमशुदा दो लड़कियों के सम्बन्ध में गोरखपुर की सोशल मीडिया सेल ने ट्विटर द्वारा प्रचार–प्रसार किया तथा मुख्यालय पुलिस महानिदेशक की सोशल मीडिया सेल ने रिट्वीट कर लड़कियों की जानकारी हेतु अपील की। श्री प्रदीप हरी विलास विश्वकर्मा, मुम्बई ने दिनांक 01.07.2019 को रेलवे स्टेशन पर उक्त गुमशुदा लड़कियों के हुलिया वाली दो लड़कियों को देख आर.पी.एफ. को सूचित करके दोनों लड़कियाँ सुपुर्दगी में दीं। गोरखपुर पुलिस ने कुर्ला स्टेशन, आर.पी.एफ. से सम्पर्क कर लड़कियों की सकुशल बरामदगी कर परिजनों के सुपुर्द किया। श्री ओ. पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने श्री विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र व गोरखपुर सोशल मीडिया पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने का निर्णय लिया।

● दिनांक 05.07.2019 : पश्चिम बंगाल के श्री सौविक दास ने राजबंद रेलवे स्टेशन, दुर्गापुर–12, पश्चिम वर्धमान, पश्चिम बंगाल से एक वृद्ध महिला का फोटो उ. प्र. पुलिस के फेसबुक पेज पर भेजा व लिखा कि यह महिला गोरखपुर या आसपास की है जो शायद गलती से यहाँ पहुँच गई है। उक्त को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. सोशल मीडिया सेल ने गोरखपुर सोशल मीडिया सेल को भेजा, जहाँ से फोटो गोरखपुर के थानों के डिज़िटल वालेण्टियर ग्रुप में भेजा गया। थाना बाँसगाँव के डिज़िटल वालेण्टियर ग्रुप ने उक्त महिला की पहचान झिनका देवी पत्नी स्वर्गीय शिव प्रजापति, उम्र लगभग 70 वर्ष, ग्राम–माल्हनपार खुर्द, थाना–बाँसगाँव, गोरखपुर के रुप में की। परिजनों ने फोटो द्वारा पहचान कर बताया कि यह 10 फरवरी 2019 को घर से कहीं चली गईं थीं खोजने पर भी पता नहीं चला।




सोशल मीडिया सेल, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने परिजनों व सौविक दास का समन्वय स्थापित कराकर उक्त महिला को परिजनों के सुपुर्द कराया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक ने श्री दास को प्रशस्ति पत्र तथा पुलिस मुख्यालय व गोरखपुर सोशल मीडिया पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने का निर्णय लिया।

## अनुशासनहीनता पर कार्यवाही

● दिनांक 05.06.2019 : वाराणसी में 4 महिला रिक्रूट आरक्षियों के पुलिस लाईन्स, वाराणसी के मुख्य द्वार के बाहर सड़क पर धरने पर बैठने सम्बन्धी प्रकरण में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने तत्काल जाँच कर सख्त विधिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। एसएसपी, वाराणसी द्वारा गठित जाँच से अनुशासनहीनता के लिये दोषसिद्ध 4 रिक्रूट महिला आरक्षियों को विधिक कार्यवाही कर सेवा से पदच्युत किया गया।

## पुलिस कल्याण/जन सुविधाएँ

● दिनांक 09.07.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सुविधा हेतु भारतीय स्टेट बैंक की शाखा/एटीएम का उद्घाटन तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा उ.प्र. के 11 जनपदों (गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, आगरा, रामपुर, मुरादाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, वाराणसी व गाजीपुर) की पुलिस लाइनों हेतु सी.एस.डी. कैण्टीन का शुभारम्भ किया।





## सराहनीय कार्य

● दिनांक 30.07.2019 : मिर्जापुर में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 9,40,000.00 की 18.730 मैट्रिक टन लोहे की सरिया व 1 ट्रक बरामद ।

● दिनांक 28.07.2019 : शामली में 4 विदेशियों सहित 7 व्यक्ति गिरफ्तार, नाजायज दस्तावेज, देशी–विदेशी मुद्रा व कई मोबाइल फोन बरामद।

● दिनांक 24.07.2019 : झाँसी में 4 अभियुक्त गिरफ्तार, सोने के 48 ग्राम व चाँदी के 10.860 कि.ग्रा. आभूषण, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 11.07.2019 : मेरठ में 2 अपराधी ढेर, अन्य अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के ड्राईविंग लाइसेंस/आधार कार्ड/रु. 4,63,200.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद तथा जालौन में 4 चोर गिरफ्तार, रु. 7.50 लाख के सोने/चाँदी के जेवर, रु. 21,900.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 09.07.2019 : अलीगढ़ में 2 लुटेरे गिरफ्तार, लूट की दो सोने की चेन, एक कि.ग्रा. चरस, पीली धातु का हार, दो चेन व कुंडल, एक जोड़ी पाजेब चाँदी, नकदी, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 08.07.2019 : वाराणसी से 8 चोर गिरफ्तार, चोरी के रु. 58,800.00 नकद, सोने के लगभग 300 ग्राम व चांदी के लगभग 800 ग्राम गहने, 11 मोबाइल फोन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 05.07.2019 : जौनपुर से 6 चोर गिरफ्तार, चोरी के लगभग रु. 5 लाख के सोने–चांदी के आभूषण, आदि बरामद।

● दिनांक 04.07.2019 : गौतमबुद्धनगर में रु. 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, लूट के लगभग रु. 6,50,000.00 के मोबाईल फोन, आदि बरामद।

● दिनांक 03.07.2019 : गौतमबुद्धनगर से 3 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के रु. 10,50,000.00 नकद व एक्साइड कम्पनी की 21 बैट्री, आदि बरामद।

● दिनांक 01.07.2019 : शाहजहाँपुर में 3 लुटेरे गिरफ्तार, लूट के रु. 7 लाख नकद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

● दिनांक 30.06.2019 : मेरठ से 6 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 4.5 करोड़ के 15 ट्रक, फर्जी आर.सी. एवं कूटरचित दस्तावेज, आदि बरामद।

## उल्लेखनीय कार्य

### एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | इनाम (रु.) : 50,000.00 | | |
| 18.07.19 | गाज़ियाबाद | 01मृत्यु | 02.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | इनाम (रु.) : 20,000.00 | | |
| 29.07.19 | कानपुरनगर | 01 | | | |
| 27.07.19 | देवरिया | 01 | 23.07.19 | एटा | 01 |
| 20.07.19 | प्रयागराज | 02 | 09.07.19 | एटा | 01 |

## शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ (गाँजा) | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.07.19 | आगरा | —— | 204 कि.ग्रा. | 30 लाख | 05 |
| 19.07.19 | आजमगढ़ | —— | 290.5 कि.ग्रा. | 75 लाख | 03 |
| 16.07.19 | प्रयागराज | 970 | —— | 50 लाख | 02 |
| 14.07.19 | बरेली | 245 | —— | —— | 01 |
| 13.07.19 | प्रयागराज | 930 | —— | 60 लाख | 01 |
| 12.07.19 | मेरठ | —— | 235कि.ग्रा. | 50 लाख | 02 |
| 03.07.19 | सुल्तानपुर | 6850ली. स्प्रिट | —— | —— | 06 |
| 30.06.19 | गोरखपुर | —— | 2710कि.ग्रा. | 27 लाख | 02 |

- दिनांक 24.07.2019 : उ.प्र. के ऑनलाईन शॉपिंग, लाइफ इंश्योरेंश व जनरल इंश्योरेंश के करोड़ों कस्टमर का डेटा हैक कर ऑनलाईन शॉपिंग व इंश्योरेंश के नाम पर प्रलोभन देकर ठगी करने वाले गिरोहों को डेटा बेचने वाला हैकर उपकरण सहित गाज़ियाबाद से गिरफ्तार।
- दिनांक 19.07.2019 : प्रयागराज में जाली भारतीय मुद्रा के 5 अन्तर्राष्ट्रीय तस्कर मय जाली मुद्रा तथा बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी/दूसरे के शैक्षिक प्रमाण पत्रों पर सहायक अध्यापक पद पर नौकरी कर रहे अभियुक्त देवरिया से गिरफ्तार।
- दिनांकः 14.07.2019 : भारतीय सेना में भर्ती के नाम पर 150 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये का ठग, फर्जी जूनियर कमीशन अधिकारी (सेना से भगोड़ा) कानपुरनगर से गिरफ्तार।
- दिनांकः 01/02.07.2019 : सुल्तानपुर के स्वर्ण व्यापारी की दुकान पर डकैती डालने जा रहे 6 कुख्यात अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार।
- दिनांक 01.07.2019 : एब्लेज प्रकरण, नोएडा से सम्बन्धित टॉप प्रमोटर साइबर क्राइम थाना नोएडा द्वारा गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।

# जनपदीय पुलिस

## इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | | | |
| 29.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 11.07.19 | मेरठ | 01मुत्यु |
| 16.07.19 | मुज़फ्फरनगर | 01मुत्यु | 09.07.19 | मथुरा | 01 |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| | | | 17.07.19 | बरेली | 01 |
| 27.07.19 | बागपत | 01मुत्यु | 16.07.19 | मुज़फ्फरनगर | 01मुत्यु |
| 22.07.19 | बरेली | 01 | 15.07.19 | बलिया | 01 |
| 22.07.19 | गोण्डा | 01 | 11.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 31.07.19 | बरेली | 02 | 15.07.19 | आजमगढ़ | 01 |
| 30.07.19 | शामली | 01 | 14.07.19 | रायबरेली | 01 |
| 30.07.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 14.07.19 | बिजनौर | 01 |
| 28.07.19 | कासगंज | 01 | 14.07.19 | बरेली | 01 |
| 27.07.19 | रायबरेली | 01 | 13.07.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 27.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 12.07.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 26.07.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 12.07.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 25.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 12.07.19 | मथुरा | 02 |
| 25.07.19 | बुलन्दशहर | 02 | 11.07.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 25.07.19 | बाराबंकी | 01 | 11.07.19 | मेरठ | 01मुत्यु |
| 25.07.19 | बागपत | 01 | 11.07.19 | कासगंज | 02 |
| 24.07.19 | बरेली | 01 | 10.07.19 | मेरठ | 01 |
| 24.07.19 | रायबरेली | 01 | 08.07.19 | मेरठ | 01 |
| 24.07.19 | कासगंज | 01 | 08.07.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 22.07.19 | बाराबंकी | 04 | 07.07.19 | गोण्डा | 01 |
| 22.07.19 | बदायूँ | 03 | 07.07.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 21.07.19 | अम्बेडकरनगर | 02 | 07.07.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.07.19 | गोरखपुर | 01 | 06.07.19 | बस्ती | 01 |
| 21.07.19 | बुलन्दशहर | 01 | 05.07.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 19.07.19 | हापुड़ | 01 | 05.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 19.07.19 | बुलन्दशहर | 02 | 04.07.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 18.07.19 | एटा | 01 | 04.07.19 | आजमगढ़ | 01 |
| 18.07.19 | मथुरा | 01 | 04.07.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 |
| 18.07.19 | कानपुरनगर | 02 | 03.07.19 | सहारनपुर | 01 |
| 18.07.19 | इटावा | 01 | 03.07.19 | कन्नौज | 01 |
| 18.07.19 | रायबरेली | 02 | 01.07.19 | रामपुर | 01 |
| 17.07.19 | कुशीनगर | 01 | 30.06.19 | बदायूँ | 01 |
| 17.07.19 | मेरठ | 02 | 30.06.19 | सहारनपुर | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 12.07.19 | प्रयागराज | 01 |
| 21.07.19 | एटा | 01 | 07.07.19 | मेरठ | 01 |
| 21.07.19 | बस्ती | 01 | 03.07.19 | एटा | 02 |
| 12.07.19 | शामली | 01 | 30.06.19 | देवरिया | 01 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| | | | 12.07.19 | देवरिया | 01 |
| 29.07.19 | मथुरा | 01 | 12.07.19 | जालौन | 01 |
| 25.07.19 | अम्बेडकरनगर | 02 | 10.07.19 | बागपत | 01 |
| 17.07.19 | अलीगढ़ | 01 | 06.07.19 | गोरखपुर | 03 |
| 16.07.19 | वाराणसी | 01 | 05.07.19 | देवरिया | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| | | | 09.07.19 | मेरठ | 01 |
| 27.07.19 | देवरिया | 01 | 05.07.19 | सहारनपुर | 01 |
| 22.07.19 | सहारनपुर | 02 | 05.07.19 | एटा | 01 |
| 18.07.19 | एटा | 01 | 01.07.19 | मुरादाबाद | 01 |
| 16.07.19 | सहारनपुर | 01 | 30.06.19 | सहारनपुर | 01 |

## शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 31.07.19 | बरेली | —— | 2.860 कि.ग्रा. अफीम | 1.5 करोड़ | 02 |
| 29.07.19 | बरेली | 164 | —— | 9 लाख | 02 |
| 28.07.19 | बाराबंकी | —— | 100ग्रा.मॉर्फीन | 30 लाख | 02 |
| 27.07.19 | वाराणसी | 305 | —— | 25 लाख | 02 |
| 25.07.19 | देवरिया | 746 | —— | 62 लाख | 06 |
| 24.07.19 | एटा | 430 | —— | 30 लाख | 02 |
| 20.07.19 | शामली | 925 | —— | 55 लाख | 03 |
| 20.07.19 | शामली | —— | 5कुन्तल डोडा पोस्त | 27 लाख | 02 |
| 19.07.19 | देवरिया | 1000 | —— | 60 लाख | 01 |
| 17.07.19 | चंदौली | 1350 | —— | 65 लाख | 05 |
| 17.07.19 | बाराबंकी | —— | 200ग्रा.मॉर्फीन | 60 लाख | 02 |
| 13.07.19 | श्रावस्ती | —— | 5कि.ग्रा. चरस | 4 करोड़ | 04 |
| 13.07.19 | वाराणसी | 285 | —— | 25 लाख | 02 |
| 10.07.19 | एटा | 645 | —— | 40 लाख | 04 |
| 09.07.19 | अलीगढ़ | —— | 1कि.ग्रा. चरस | —— | 02 |
| 07.07.19 | गाज़ियाबाद | —— | 24.5कि.ग्रा. डोडा चूर्ण | —— | 02 |
| 07.07.19 | देवरिया | 850 | —— | 24.48 लाख | 01 |
| 06.07.19 | कन्नौज | —— | 46कि.ग्रा. गाँजा | 4 लाख | 04 |
| 04.07.19 | बिजनौर | 705 | —— | 30 लाख | 03 |
| 03.07.19 | एटा | 972 | —— | 60 लाख | 02 |
| 03.07.19 | मऊ | —— | 74.400 कि. ग्रा. गाँजा | 8 लाख | 02 |
| 03.07.19 | मऊ | 1340 | —— | 75 लाख | 02 |
| 30.06.19 | देवरिया | 974 | —— | 23 लाख | 04 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मेरठ, शामली, शाहजहाँपुर, बरेली, हरदोई, देवरिया, सुल्तानपुर, कानपुरनगर, जौनपुर, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फिरोज़ाबाद, लखनऊ, वाराणसी, कासगंज, एटा, मुज़फ्फरनगर, बागपत, बुलन्दशहर, प्रयागराज, अलीगढ़, झाँसी, जालौन, सम्भल, कानपुर देहात, मथुरा, मऊ, सहारनपुर, प्रतापगढ़, बिजनौर, फतेहगढ़, कौशाम्बी, मुरादाबाद, आगरा, बाराबंकी, सहारनपुर, फतेहपुर, कन्नौज, चित्रकूट, इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र/शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 25.07.19 | प्रतापगढ़ | 10 तमंचे, 1 देशी रिवॉल्वर, आदि | 05 |
| 22.07.19 | एटा | 20 तमंचे, आदि | 02 |
| 22.07.19 | उन्नाव | 32 बने–अधबने तमंचे, आदि | 02 |
| 10.07.19 | शामली | 10 तमंचे, आदि | 02 |
| 09.07.19 | एटा | 16 तमंचे, आदि | 01 |
| 06.07.19 | कासगंज | 13 बने–अधबने तमंचे, आदि | 02 |
| 01.07.19 | हरदोई | 3 देशी बन्दूक, 12 तमंचे, आदि | 01 |

# आदेश / निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न डीजी परिपत्रों द्वारा निर्देश निर्गत किये हैं–

1) संख्या–33/2019 दिनांक 29.07.2019 द्वारा महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जनपद की विशिष्टताओं के दृष्टिगत प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही कराने विषयक,

2) संख्या–32/2019 दिनांक 26.07.2019 द्वारा राज्य सरकार की मंशा के अनुरुप प्रदेश में विभिन्न सम्प्रदायों के मध्य घटित घटनाओं के दृष्टिगत अमन–चैन और सामाजिक समरसता बनाये रखने हेतु कतिपय बिन्दुओं पर प्रभारी कार्यवाही करने विषयक,

3) संख्या–31/2019 दिनांक 18.07.2019 द्वारा मा. सर्वोच्च न्यायालय एवं मा. उच्च न्यायालय की मॉनीटरिंग के अधीन अभियोगों की विवेचना के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश,

4) संख्या–30/2019 दिनांक 15.07.2019 द्वारा छल व कूटरचित अभिलेखों के आधार पर भूमि पर कब्जा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा पंजीकृत अभियोगों की विवेचना प्राथमिकता से पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में,

5) संख्या–29/2019 दिनांक 09.07.2019 द्वारा जाली मुद्रा के प्रचलन के सम्बन्ध में गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 19.09.2013 में उच्च क्वालिटी कूटकृत भारतीय करेंसी की जाँच आदि के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही हेतु निर्देश,

6) संख्या–28/2019 दिनांक 09.07.2019 द्वारा पुलिस अभिरक्षा से अपराधियों के भाग जाने जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु पूर्व में निर्गत परिपत्रों के साथ–साथ कतिपय बिन्दुओं पर अनुपालन कराने हेतु निर्देश,

7) संख्या–27/2019 दिनांक 04.07.2019 द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376(3), 376AB, 376DA तथा 376DB के सम्बन्ध में आपराधिक विधि संशोधन अधिनियम 2018 द्वारा अंतः स्थापित धारा 439(1)(क) के अनुपालन विषयक, एवं

8) संख्या–26/2019 दिनांक 01.07.2019 द्वारा क्रिमिनल अपील संख्याः 71/2012 के साथ क्रिमिनल अपील संख्याः 619 से 623/2019 रुपाली देवी बनाम उ. प्र. राज्य व अन्य में मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 09.04.2019 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

अगस्त–2019 www.uppolice.gov.in

न्यूज़ लेटर

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## उ.प्र. पुलिस:उपलब्धियाँ/तकनीकी उन्नयन

**(दिनांक 01.01.2019 से 30.06.2019 तक)**

- कुम्भ मेला, प्रयागराज 2019 : ऐतिहासिक एवं भव्यतापूर्ण आयोजन में अहम योगदान दिया।
- उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड :
  - ☐ 23,520 आरक्षी नागरिक पुलिस व 18,000 आरक्षी पीएसी (कुल 41,520) पदों पर चयन, परीक्षा परिणाम घोषित।
  - ☐ नागरिक पुलिस के 20,525 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन पूर्ण कराकर नियुक्ति की व दिनांक 03.06.2019 से प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया।
  - ☐ उपनिरीक्षक व समकक्ष सीधी भर्ती के 3,156 पदों का परीक्षा परिणाम घोषित, 1,733 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया।
- पदोन्नतियाँ : मुख्य आरक्षी व समकक्ष–1,166; उपनिरीक्षक व समकक्ष–901; निरीक्षक एवं समकक्ष–134 (कुल–2,201) कार्मिकों की पदोन्नति की। दिनांक 01.01. 2018 से कुल 38,591 कार्मिकों को ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी।
- स्क्रीनिंग : 185 कार्मिक अनिवार्य सेवानिवृत्त।
- अपराधों में कमी : डकैती में 32.93%, लूट में 32.21%, हत्या में 13.38%, बलवा में 31.93%, दहेज हत्या में 6.71%, बलात्कार में 32.59%, शीलभंग में 13.51%, अपहरण में 29.25%, छेड़खानी में 20.37% कमी। बच्चों के साथ घटित लैंगिक अपराधों में कमी।
- बरामदगी (मादक पदार्थ/शराब/नकदी) : लगभग रु. 53.73 करोड़ के मादक पदार्थ, रु. 3.90 करोड़ की अवैध शराब, रु. 69.5 करोड़ की रेक्टीफाईड स्प्रिट सहित रु. 98.64 लाख नकद बरामद किये।
- एस.टी.एफ. : कुल 222 ऑपरेशन सम्पन्न, 2 दुर्दान्त पुरस्कार घोषित अपराधियों की मृत्यु हुई तथा संगठित अपराध सम्बन्धी 556 अपराधियों की गिरफ्तारी (81 इनामी एवं 402 संगठित अपराधी)। 169 अवैध शस्त्र मय कारतूस बरामद।
- ए.टी.एस. : जैश–ए–मोहम्मद आतंकवादी संगठन के 2 सदस्य, आई.एस.आई. के 2 जासूस व 2 नक्सली अभियुक्त गिरफ्तार।
- डिजिटल इण्डिया अभियान : प्रदेश में अपराध तथा अपराधी गतिविधियों पर अंकुश हेतु Centralised Mobile App "TRINETRA" प्रभावी सिद्ध हुआ। त्रिनेत्र एप में 4.50 लाख से अधिक अपराधियों के डोज़ियर फीडिंग पूर्ण किये।
- साइबर फोरेंसिंग लैब : निर्माण पूर्ण, 25 High End वर्क स्टेशन स्थापित। साइबर थानों द्वारा साइबर क्राइम सम्बन्धी 159 शिकायतों का निस्तारण।
- विधि विज्ञान प्रयोगशाला : गाज़ियाबाद व लखनऊ में अत्याधुनिक कम्प्यूटर फोरेंसिक का शुभारम्भ।
- ई-थाने : प्रदेश में 1,248 एफआईआर पंजीकृत।
- सोशल मीडिया सेल : मुख्यालय से ट्विटर सेवा द्वारा 73,466 शिकायतों को जनपदों में भेज कर समुचित कार्यवाही व 1,876 अभियोग पंजीकृत कराये। 96% शिकायतों का निस्तारण।
- सी.सी.टी.एन.एस. योजना : आम नागरिकों की सुविधाओं हेतु प्रारम्भ UP COP Mobile App. 2 लाख से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया। एप पर चरित्र सत्यापन, घरेलू सहायता, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, गुमशुदगी, आदि हेतु सहायता उपलब्ध है।
- कनेक्टिविटी : प्रदेश के 1,533 थानों के सी.सी.टी.वी. को 10 Mbps की कनेक्टीविटी हेतु ई–टेण्डर किया। नवसृजित 55 थाने सी.सी.टी.एन.एस. से जोड़े गये। सभी थानों पर ऑन लाइन केस डायरी भरे जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ।
- अग्निशमन सेवा : अनापत्ति प्रमाण पत्र को ऑन लाइन किया गया।
- नये पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र : नवनिर्मित प्रशिक्षण केन्द्र सुल्तानपुर व जालौन में प्रशिक्षण प्रारम्भ।
- पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत मा. न्यायालयों में प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप निर्णीत वादों का विवरण :

(दिनांक 01.01.2019 से 15.06.2019 तक)

| | |
|---|---|
| मा. न्यायालय द्वारा सजा दी गयी | 262 वादों में |
| आजीवन कारावास की सजा | 38 वादों में |
| अन्य प्रकार के दण्ड | 224 वादों में |

## विविध

- दिनांक 31.07.2019 :

☐ नवनिर्मित मुख्य द्वार, फोर्ट वॉल एवं बैरक का उद्घाटन : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन ने पुलिस लाइन्स, लखनऊ में मुख्य द्वार, फोर्ट वॉल एवं बहुमंजिला बैरक का उद्घाटन किया।




☐ श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 1090 चौराहे पर यातायात नियमों के प्रचार–प्रसार हेतु एलईडी वाहन/ट्रैफिक मॉनिटर को फ्लैग ऑफ किया व सड़क, यातायात एवं सुरक्षा पुस्तक का विमोचन कर उपस्थित बच्चों तथा जनमानस को सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया।




☐ श्री गोपाल गुप्ता, डीजी, श्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, डीआईजी, श्री राम पाल गौतम, एसपी व श्री अशोक कुमार तिवारी, एसपी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित तथा भावभीनी विदाई दी।




- ई-चालान एवं एक्सप्रेस-वे पर हाई स्पीड वाहनों पर नियंत्रण हेतु बैठक/निर्देश : दिनांक 24.07.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आईजी, यातायात, एवं डीआईजी, यातायात को प्रदेश में यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने एवं ई–चालान हेतु आवश्यक उपकरण इसी वित्तीय वर्ष में क्रय कर उपलब्ध कराने, यमुना एक्सप्रेस–वे टोल्स पर यातायात पुलिस की नियुक्ति, टोल्स पर हाई स्पीड वाहनों पर नियंत्रण हेतु कैमरे लगवाने, इत्यादि कार्यवाहियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिये।
- दिनांक 23.07.2019 : मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, शाही इमाम ईदगाह, लखनऊ व अध्यक्ष, इस्लामिक सेन्टर ऑफ इण्डिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. से आगामी ईद–उल–अजहा के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर में भेंट/विचार–विमर्श किया।



- नार्थ ईस्टर्न पुलिस एकेडमी के प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण : दिनांक 15.07.2019 : नॉर्थ ईस्टर्न पुलिस एकेडमी के 31 प्रशिक्षुओं के उ.प्र. भ्रमण एवं अन्तर्राज्यीय प्रशिक्षण हेतु श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा उ.प्र. पुलिस प्रबन्धन की जानकारी देने हेतु आयोजित अन्तर–क्रियात्मक परिचर्चा में एडीजी, कानून व्यवस्था, एडीजी, स्थापना, आईजी, कानून व्यवस्था, आदि उपस्थित रहे।



- दिनांक 11.07.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस कार्मिकों के लिये डिस्पेंसरी का शुभारम्भ किया।




- दिनांक 06.07.2019 : श्री पी.वी. रामा शास्त्री नियंत्रक प्राधिकारी प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण/एडीजी, कानून–व्यवस्था की अध्यक्षता में CAPSI (सेन्ट्रल एसोशिएसन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इन्डस्ट्री) के चेयरमैन, सदस्य, पुलिस अधिकारियों व गौतमबुद्धनगर, गाज़ियाबाद, मेरठ, आगरा, लखनऊ एवं कानपुर नगर के एएसपी/नोडल अधिकारियों की बैठक में प्रदेश की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया।
- दिनांक 04.7.2019 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पी.पी.एस. संवर्ग की समस्याओं के सम्बन्ध में आहूत बैठक में कॉडर पुनरीक्षण हेतु गठित समिति की अध्यक्षता (श्रीमती रेणुका मिश्रा, एडीजी) की संस्तुतियों पर एडीजी, प्रशासन को विभाग की ऑपरेशनल स्थिति के दृष्टिगत आई.पी. एस. संवर्ग की तर्ज पर पी.पी.एस. संवर्ग का कॉडर रिव्यू कराने हेतु निर्देशित किया।
- World Peace Rally 2019 : दिनांक 02.07.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय से झण्डा दिखाकर रैली को रवाना किया। शान्ति, सद्भाव एवं भाई–चारे के उद्देश्य से गुजरात से श्री साई वूमेन एण्ड चिल्ड्रन सोसाइटी,अहमदाबाद के मैनेजिंग ट्रस्टी, श्री ब्रिजमोहन आर. सूद के नेतृत्व में यह रैली अम्बेडकर भवन, लंदन में समाप्त होगी।



निर्देशन : श्री सुजीत पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर. के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500